इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शनिवार, 2 सितम्बर 2023
वर्ष 15 अंक 355 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।
- शंकराचार्य

तापमान - अधिकतम 36.3°C (+2.8) न्यूनतम 27.5°C(+2.1) सेंसेक्स 65,387.16 (+555.75) निफ्टी 19,435.30 (+181.50) सोना 60,200 चांदी 77,100 मुद्रा - डालर 82.67 दिरहम 22.51 रियाल 22.04

चुनौतियों व परेशानियों का सामना करने को तैयार रहें मेडिकोज

जीवन में अनुशासन व नियमितता बहुत महत्वपूर्ण : प्रो. अब्बास अली मेहदी

एरा मेडिकल कालेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

लखनऊ (ब्यूरो)। एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी ने एमबीबीएस छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में अनुशासन व नियमितता बहुत महत्वपूर्ण है। समय का सही इस्तेमाल करें और कक्षाओं में शत-प्रतिशत उपस्थित रहें, ताकि विषय में पारंगत हो सकें। प्रो. मेहदी शुक्रवार को एरा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के नये बैच के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने एमबीबीएस छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोग डाक्टरों से बहुत उम्मीदें रखते हैं। आपको उन अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए तैयार रहना है। आपकी यात्रा बहुत लम्बी है और इस यात्रा में तमाम बाधाएं आएगीं। चुनौतियों, परेशानियों और दर्द का सामना करने को तैयार रहें। प्रो. मेहदी ने कहा कि एरा विवि और एरा मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल 25 साल से कम की यात्रा में हम यहां इस मुकाम पर पहुंचे हैं। एरा मेडिकल कॉलेज में बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर, बेहतरीन शिक्षकों के साथ ही शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि समय के साथ ही चिकित्सा और दवाओं में बदलाव आ रहा है। चिकित्सा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आ गया है। ऐसे में शिक्षकों के लेक्चर बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारा काम आपको आगे के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि एरा विवि में हैप्पीनेस डिपार्टमेण्ट है जो अपनी तरह का राज्य में एक अलग विभाग है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीन एमेरिट्स प्रो. एम.एम.ए. फरीदी ने छात्रों को कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मेडिको-गेम्स, मेडिको-स्किल सॉफ्टवेयर, मेडिकल एनीमेशन और स्किल लैब की सहायता से शिक्षण सहित कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि छात्रों की सुविधा के लिए एकलव्य क्लास आयोजित होगी, जिसमें शिक्षकों की मौजूदगी में छात्र सेल्फ स्टडी करेंगे और किसी तरह की परेशानी पर शिक्षक जवाब देंगे। उन्होंने बताया कि कॉलेज के 6 छात्र डीएम पाठ्यक्रम के लिए चयनित हुए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. तस्लीम रज़ा ने छात्रों को परीक्षा में प्रवेश की अर्हता के बारे में अवगत कराते हुए नम्बरों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को प्रोक्टर प्रो. दिलशाद अली रिज़्वी, एनाटॉमी विभाग की प्रमुख प्रो. विनीता तिवारी, फिजियोलॉजी की प्रो. सीमा सिंह, कम्युनिटी मेडिसिन की प्रो. प्रभा श्रीवास्तव, प्रो. सिद्धार्थ चंदेल ने भी छात्रों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बृजेश राठौर ने किया। इस मौके पर छात्रों को वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से एरा विवि का वर्चुअल टूर कराया, जिसमें एरा मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में उपलब्ध तमाम विभागों के साथ ही शोध पत्रों संबंधी जानकारी दी गयी।

प्राचार्य ने दिलाई छात्रों को चरक शपथ

कॉलेज के प्राचार्य व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो. जमाल मसूद ने छात्रों का स्वागत करते हुए उत्तर भारत के बेहतरीन मेडिकल कॉलेजों में से एक एरा मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में प्रवेश लेने के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों को महर्षि चरक शपथ दिलाई। इससे पूर्व उन्होंने कहा कि कॉलेज में प्रशिक्षित विद्वान फैकल्टी हैं जो एक टीम की तरह छात्रों के साथ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निर्देशों के तहत काम कर उन्हें बेहतरीन भारतीय चिकित्सा स्नातक बनाने का काम करते हैं। उन्होंने छात्रों से प्रवेश फार्म के साथ मिली बुकलेट को ध्यान से पढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि कॉलेज में रैगिंग पर सख्त पाबंदी है।